आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 12.01.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार** :–

- देहरादून में आज अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सत्रह देशों से प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में शामिल होंगे।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में युवाओं से बातचीत करेंगे।
- ऊधमसिंह नगर ज़िले में गर्मियों में धान की खेती के स्थान पर लगाई जा रही अन्य फसलों की खेती से किसानों को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।
- यमुनोत्री धाम में गरुड़ गंगा के पास स्थायी हेलीपैड बनकर तैयार, नागरिक उड्डयन की टीम मौसम अनुकूल होने पर हेलीपैड का निरीक्षण करेगी।

## अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन

देहरादून में आज अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। इस एक दिवसीय सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये 17 देशों से 60 से अधिक प्रवासी उत्तराखंडियों ने पंजीकरण कराया है।

**उत्तराखंड में पहली बार हो रहे इस सम्मेलन का उद्देश्य विदेशों में रहने वाले प्रवासियों के ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाकर राज्य के विकास को गति देना है। सम्मेलन के दौरान निवेश, हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, कौशल विकास, विदेश में रोजगार, उच्च शिक्षा और जड़ी–बूटियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा होगी। मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी ने विदेश दौरे के दौरान प्रवासी उत्तराखंडियों से मुलाकात के बाद इस सम्मेलन की परिकल्पना की थी। इस सम्मेलन से उत्तराखंड में निवेश और विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे पर्यटन, शिक्षा, रोजगार और कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान की जा सकेगी।**

## विकसित भारत युवा नेता संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में श्री मोदी देश भर के तीन हजार युवा नेताओं के साथ संवाद करेंगे। देश भर से तीन हजार युवा नेताओं का चयन, विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान युवा नेता, प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर अपनी

प्रस्तुति देंगे। प्रधानमंत्री युवा नेताओं के साथ दोपहर के भोजन में शामिल होंगे, जिस दौरान उन्हें अपने विचारों, अनुभवों और आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री के साथ साझा करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी प्रतिभागियों द्वारा दस विषयों पर लिखे गए सर्वश्रेष्ठ निबंधों का संकलन भी जारी करेंगे। इनमें प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विषयों पर निबंध शामिल हैं।

## शुभकामना संदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में उन्होंने स्वामी विवेकानंद को युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उनका दिया संदेश **उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक न रुको** आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपने सकारात्मक प्रयासों से प्रदेश और देश के विकास में योगदान देने की अपील की है।

## भव्य स्वागत

38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार के लिए तेजस्विनी मशाल का रुद्रप्रयाग जिले में भव्य स्वागत किया गया। मशाल और शुभंकर मौली जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे। अगस्त्यमुनि में रोड शो आयोजित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि मशाल का तीन दिवसीय यात्रा कार्यक्रम खेल भावना को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

## रेल सेवा

नैनीताल के लालकुआं से बेंगलुरू के बीच विशेष साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। यह ट्रेन हर शनिवार शाम 5 बजकर 55 मिनट पर लालकुआं से और हर मंगलवार सुबह सवा सात बजे बेंगलुरू से रवाना होगी। इस ट्रेन में कुल 40 स्टॉपेज हैं, जिसमें स्लीपर और वातानुकूलित इकोनॉमिक क्लास की सीटें उपलब्ध हैं।

## निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के सेवाई में ऋषिकेश—कर्णप्रयाग रेल परियोजना का निरीक्षण किया। उत्तराखंड के लिए इस योजना को वरदान बताते हुए श्री धामी ने कहा कि 125 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस रेल परियोजना में 16 सुरंगों और 12 स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहाड़ों तक रेल सेवा आसान होगी और तीर्थयात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा।

## गिरफ्तारी

हरिद्वार पुलिस ने मंगलौर स्थित जैन मंदिर चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने चोरी किया गया चांदी का छत्र, ईंटें, लोटा और लगभग ढाई लाख रुपये की नकदी आरोपियों से बरामद की है।

## यमुनोत्री हेलीपैड

उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम में गरुड़ गंगा के पास स्थायी हेलीपैड बनकर तैयार हो गया है। अब नागरिक उड्डयन की टीम मौसम अनुकूल होने पर हेलीपैड का निरीक्षण करेगी। गंगोत्री धाम में हेलीपैड पहले ही तैयार हो चुका है। गौरतलब है कि यमुनोत्री धाम पहुंचने के लिए जानकी चट्टी तक सड़क सुविधा है। इसके बाद श्रद्धालु छह किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। दोनों धाम में आगामी यात्रा सीजन से हेली सेवा शुरू होने की उम्मीद है। इससे तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी।

## ग्रीश्मकालीन धान की खेती पर रोक

भूमिगत जलस्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से ऊधमसिंह नगर में गर्मियों में धान की खेती पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद जिले में मक्का, गन्ना और अन्य दलहनी फसलों की खेती से किसानों को बेहतर आय उपलब्ध करा रही है। इससे क्षेत्र के किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं।

मुख्य कृषि अधिकारी डॉ अभय कुमार सक्सेना ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर रोक को लेकर लगभग तीन वर्षों से किसान संगठनों से बातचीत चल रही थी और इस पर अब सफलता भी मिली है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग एक लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर धान की खेती होती है, जिसमें लगभग 20 हजार हैक्टेयर पर ग्रीष्मकालीन धान की खेती होती थी। प्रगतिशील किसान अमनदीप सिंह ढिल्लों का मानना है गर्मियों की धान की खेती को प्रतिबंधित करना एक अच्छी पहल है। इससे भूमिगत जल स्तर में सुधार होगा और धान की मुख्य फसल के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## मौसम

राज्य में मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली है। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हुई है। वहीं, मैदानी हिस्सों में भी कल रात विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई। कुछ स्थानों पर आंधी के साथ ओलावृष्टि की ख़बर है। बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दो हजार आठ सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में आज भी बर्फबारी हो सकती है। विभाग का कहना है कि कल से राज्य में मौसम साफ बना रहेगा।

**समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

देहरादून में आज अंतर्रराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है... सभी समाचार पत्रों ने इस खबर को प्रमुखता से लिखा है.. हिन्दुस्तान ने शीर्षक दिया है– उत्तराखंड के विकास की धारा से जुड़ने को प्रवासी आज करेंगे मंथन.. दैनिक जागरण लिखता है– 17 देशों से पहुंचे उत्तराखंडी। देहरादून से प्रयागराज के लिए आज से हवाई सेवा शुरू हो गई है। इस ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– दून से प्रयागराज के लिए फ्लाइट से आज से। समाचार पत्र के अनुसार देहरादून से प्रयागराज के लिए एक तरफ का किराया लगभग साढे 8 हजार से साढे 10 हजार रूपये तक है।

उत्तराखंड को नशा मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रह हैं। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– उत्तराखंड को इसी वर्ष करेंगे ड्रग्स फ्री।

ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है कि– सीएम धामी ने रेल परियोजना के कार्यों का लिया जायजा, रेल परियोजना से पर्यटन और तीर्थाटन को लगेंगे पंख।

उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदल चुका है... देर रात हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है.. हिन्दुस्तान लिखता है– देहरादून और मसूरी में देर रात बारिश से बढ़ी ठिठुरन, आज पूरे प्रदेश में हल्की बारिश अनुमान।